खबर संक्षेप

एसपी ने एएसआई को किया लाइन अटैच

कटनी। बहोरीबंद थाने में पदस्थ एएसआई संतलाल गोटिया का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के पर पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने तत्काल एएसआई को निलंबित करते हुए उसे लाइन अटैच कर दिया है। 29 दिसंबर को सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियों वायरल हुआ जिसमें सहायक उप निरीक्षक संतलाल गोटिंया थाने में आने वाले अगंतुकों को अनावश्यक बैठाकर विलंबकारी नीति के तहत कार्य करना भी प्रकाश में आया था। सउनि गोटिया द्वारा जनता के साथ विलंब कारी नीति में काम करना, फरियादियों को अनावश्यक बैठाकर, पैसे लेने जैसे गंभीर कदाचरण व असंनिष्ठ आचरण एवं आशोभनीय आचरण के प्रदर्शन से मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 में किये गये प्रावधानों के प्रतिकूल आचरण करना पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा परिलक्षित होना पाया गया। सउनि संतलाल गोटिया का आचरण संदिग्ध प्रकृति का एवं असंनिष्ट आचरण व कदाचरण प्रदर्शित करना पाये जाने से पुलिस अधीक्षक द्वारा सउनि संतलाल गोटिंया थाना बहोरीबंद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केन्द्र कटनी में पदस्थ किया गया है।

स्कूल निर्माण हेतु भूमि आवंटन के लिए डीईओ अधिकृत

कटनी। समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले में स्वीकृत हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के निर्माण कार्यों में तेज़ी लाने के लिए अब स्कूल निर्माण के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने हेतु लोक शिक्षण संचालनालय ने जिला शिक्षा अधिकारी को अधिकृत कर दिया है। अपर परियोजना संचालक द्वारा जारी निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि जिला शिक्षा अधिकारी अब जिला स्तर पर भूमि आवंटन की प्रक्रिया के लिए आवश्यक आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे तथा संबंधित विभागों से सीधे पत्राचार कर सकेंगे। साथ ही आवश्यक औपचारिकताएं स्वयं पूर्ण करने के लिए अधिकृत होंगे। अपर परियोजना संचालक ने समस्त जिला कलेक्टर्स से अनुरोध किया है कि वे जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले भूमि आवंटन संबंधी आवेदनों पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि प्रदेश में शैक्षणिक अधोसंरचना का विकास तेज़ी से हो सके।

आटो से नीचे गिरी बालिका की हो गई मौत

कटनी। तेज़ रफ़्तार ऑटो से गिरकर एक 8 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गल्ला मंडी निवासी 8 वर्षीय शिवांजली रोज़ की तरह स्कूल जाने के लिए ऑटो में सवार हुई थी। रेलवे फाटक ब्रिज के पास तेज़ रफ़्तार और लापरवाही के चलते ऑटो अनियंत्रित हुआ और बच्ची नीचे गिर गई। सिर और सीने में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि ऑटो में न जाली थी, न कोई सुरक्षा इंतज़ाम। शहर में ऐसे कई आटो बिना सुरक्षा के बच्चों को स्कूल ले जा रहे हैं।

बड़ी संख्या में निगम अधिकारी-कर्मचारियों ने कोतवाली पहुंचकर सौंपा ज्ञापन, गिरफ्तारी की मांग

निगम कर्मचारियों के साथ अभद्रता से बढ़ा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम कर्मचारियों के साथ अभद्रता एवं गाली गलौज किये जाने के वायरल वीडियो के बाद कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ गया। अभद्रता की घटना के विरोध में सोमवार प्रातः नगर निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर कोतवाली थाना पहुंचकर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौपा। इस दौरान सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। मौके पर नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक भी उपस्थित रहे।

शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

ज्ञापन में शासकीय कार्य में बाधा डालने तथा कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले व्यक्ति श्याम सुंदर पांडे की घटना की कड़ी निंदा करते हुए उसके विरुद्ध शीघ्र गिरफ्तारी एवं कठोर कार्रवाई की मांग की गई। थाना प्रभारी द्वारा नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया।

वीडियो वायरल होने से छवि धूमिल

उल्लेखनीय है कि नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु नो-पार्किंग क्षेत्रों में खड़े वाहनों को हटाने एवं अव्यवस्थित यातायात पर नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। 27 दिसंबर को श्याम सुंदर पांडे द्वारा बीच सड़क पर वाहन खड़ा कर यातायात अवरुद्ध किया गया। जब अतिक्रमण एवं यातायात विभाग के कर्मचारियों ने वाहन हटाने का अनुरोध किया, तो संबंधित व्यक्ति द्वारा कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए अनुचित शब्दों का प्रयोग किया गया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है, जिससे नगर निगम के सभी शासकीय कर्मचारियों की छवि धूमिल हुई तथा उनके मनोबल को ठेस पहुंची। इस तरह की घटनाओं पर कार्रवाई आवश्यक है।

महापौर ने पार्षद व अधिकारियों के साथ एसपी को सौंपा ज्ञापन

शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ अभद्रता के मामले को लेकर सोमवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, पार्षद साथियों एवं निगम अधिकारियों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचीं। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दद्दा धाम कटनी निवासी श्याम सुन्दर पाण्डेय को अतिशीघ्र गिरफ्तार किए जाने की मांग की गई है। महापौर द्वारा दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नगर निगम कटनी द्वारा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु नो-पार्किंग एवं अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों को हटाने की मुहिम चलाई जा रही है। 27 दिसंबर को श्याम सुन्दर पाण्डेय द्वारा बीच सड़क पर वाहन खड़ा कर यातायात बाधित किया गया। जब अतिक्रमण एवं यातायात विभाग के कर्मचारियों ने वाहन हटाने का अनुरोध किया तो संबंधित व्यक्ति द्वारा कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए अनुचित शब्दों का प्रयोग किया गया, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। अतः मामले की गंभीरता को देखते हुए श्याम सुन्दर पाण्डेय के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी की जाए। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

विद्युत पोल टूटकर युवक के ऊपर गिरा, मौत

स्लीमनाबाद। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कौड़िया में विद्युत लाईन सुधार करते समय एक बड़ा हादसा हो गया जिससे 40 वर्षीय युवक की मौत हो गईं। मिली जानकारी मुताबिक ग्राम कौड़िया में विद्युत लाईन दूरस्तीकरण का कार्य चल रहा है। सुधार कार्य का जिम्मा यूनिवर्सल कम्पनी के द्वारा कराया जा रहा है। सोमवार को विद्युत लाईन दूरस्तीकरण का कार्य चल रहा था तभी एक उपभोक्ता की सर्विस लाईन घिर गईं। सर्विस लाईन गिरते ही अपने घर से बाहर ग्राम कौड़िया निवासी मुकेश शुक्ला 40 वर्षीय आया ओर सर्विस लाईन को यहाँ -वहाँ करने लगा। उसी समय क्षतिग्रस्त विद्युत खम्बा उसके ऊपर गिर गया जिस कारण वह घायल हो गया। तुरंत उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल कटनी ले जाया गया लेकिन उसकी मौत हो गईं। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता अभिषेक गढ़ेवाल ने बताया कि यूनिवर्सल कम्पनी के द्वारा विद्युत लाईन सुधार कार्य कराया जा रहा है। घटना के संबंध मे जानकारी मिलती ही बहोरीबंद कनिष्ठ अभियंता को मौके पर भेजा गया। पूरे मामले की जाँच कराई जाएगी।

ब्रीथ एनालाइजर से नशे में वाहन चलाने वालों की गई जांच

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस द्वारा चलाया जा रहा विशेष जांच अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया एवं अनुभागीय अधिकारी श्रीमती आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में ढीमरखेड़ा पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है आपको बता दें कि नव वर्ष के आगमन को दृष्टिगत रखते हुए आम नागरिकों की सुरक्षा, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा नशे के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, ढाबों, होटल-रेस्टोरेंट, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में सघन चेकिंग एवं निगरानी की जा रही है। नशे की हालत में वाहन चलाने, सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा नशे में वाहन चलाने वालों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की जा रही है तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट एवं अन्य संबंधित धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं।

ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे की आम नागरिकों से अपील है कि वे नव वर्ष का उत्सव शालीनता, संयम और कानून के दायरे में मनाएं। नशे से दूर रहें एवं किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। आपकी सहभागिता से ही सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण नव वर्ष संभव है।

घने कोहरा की वजह से खड़े ट्रक को दूसरे ट्रक ने मारी टक्कर

सोमवार की सुबह कोहरा अधिक घना रहा जिससे दृश्यता बहुत कम रही। कोहरे की वजह से आवागमन भी बाधित हुआ। नेशनल हाईवे पर कोहरा की वजह से एक सड़क हादसा भी हुआ। घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण सोमवार सुबह करीब 8 बजे नेशनल हाईवे-43 पर एक बड़ा हादसा हुआ। बड़वारा थाना क्षेत्र के विलायत कला ग्राम के पास सड़क किनारे खड़े एक लोडर ट्रक को पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक एमपी 09 जेडएन 6939 ने जोरदार टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर से ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि हादसे में ट्रक चालक को केवल मामूली चोटें आईं और वह बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बनी रही, जिसे ग्रामीणों और अन्य चालकों के सहयोग से खुलवाया गया। सोमवार सुबह करीब 9 बजे तक पूरा शहर और हाईवे कोहरे की चादर से ढका रहा। कई ड्राइवरों ने सुरक्षा की दृष्टि से अपने वाहन सड़क किनारे खड़े कर दिए। छोटे वाहन हेडलाइट जलाकर रेंगते हुए नजर आए। स्कूली बच्चे घने कोहरे और शीतलहर के बीच बच्चे ठिठुरते हुए स्कूल जाने को मजबूर हैं।

रबी विपणन वर्ष की फसलों का बीमा कराने के लिए 31 दिसंबर है अंतिम तिथि

असामान्य परिस्थितियों में फसलों को होने वाले नुकसान की प्रतिपूर्ति के लिए किसान कराये बीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2025-26 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसलों का बीमा कराने हेतु पंजीयन की प्रक्रिया शुरू है। इच्छुक कृषक 31 दिसम्बर 2025 तक अपने पटवारी हल्के में अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते हैं।

उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास डॉ. आर एन पटेल ने बताया कि रबी मौसम में सभी अनाज, दलहन, तिलहन फसल हेतु बीमित राशि का अधिकतम 1.5 प्रतिशत मात्र प्रीमियम कृषक भाईयों द्वारा देय है। ऋणी कृषकों ने जिस बैंक से फसल ऋण लिया है वह उस बैंक में अपना बीमा करवायें। जबकि अऋणी कृषक, 31 दिसम्बर 2025 तक किसान क्रेडिट कार्ड पर फसल ऋण प्रदायकर्ता बैंको, सहकारी समितियों तथा अऋणी किसान बैंक, जन सेवा केंन्द्र (सीएससी), ग्राम पंचायत स्तर पर जन सेवा केंन्द्र के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। बीमा कराने के लिए कृषकों को घोषणा पत्र, आधार कार्ड, जमीन सिकमी होने पर इसका शपथ पत्र, ऋण पुस्तिका, बैंक खाते का विवरण, बुवाई प्रमाण पत्र लेकर जाना होगा।

इस तरह है बीमा प्रावधान

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रबी वर्ष 2025-26 के तहत किसानों को सिंचित गेहू हेतु 36 हजार 350 रूपये की बीमित राशि हेतु 545.25 रूपये का प्रीमियम देना होगा। जबकि असिंचित गेहूँ हेतु 26 हजार 250 रूपये की बीमित राशि हेतु 393.75 रूपये, चना हेतु 38 हजार 850 रूपये की बीमित राशि हेतु 582.75 रूपये, मसूर हेतु 28 हजार 350 रूपये की बीमित राशि हेतु 425.25 रूपये, राई व सरसों हेतु बीमित राशि 26 हजार 850 रूपये हेतु 402.75 रूपये एवं अलसी हेतु बीमित राशि 20 हजार 950 रूपये हेतु 314.25 रूपये का प्रीमियम देना होगा।

उपसंचालक कृषि ने सभी कृषकों से अनुरोध किया है कि वे अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा अवश्य करवायें, जिससे असामान्य परिस्थितियों में होने वाले नुकसान की प्रतिपूर्ति हो सके।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़वारा थाना क्षेत्र के नैगवां में हुये हादसे

दो सड़क हादसों में बाइक सवार युवक की मौत, स्कार्पियों सवार तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र के तहत नैगवां ग्राम के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर सोमवार शाम दो सड़क हादसे हुए। इन घटनाओं में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पहला हादसा तब हुआ जब एक वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, सोनारी ग्राम निवासी मूरत महोबिया (38 वर्ष) अपने साथी रामदयाल के साथ बाइक से कटनी से अपने घर बिजौरी लौट रहे थे।

मौके पर हो गई मौत

नैगवां के पास एक वाहन ने उन्हें टक्कर मारी और भाग निकला। इस हादसे में मूरत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रामदयाल गंभीर रूप से घायल हो गया। पहले हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। इसी दौरान कटनी से उमरिया जा रही एक स्कॉर्पियो कार सड़क किनारे खड़ी थी, जिसे पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक (HR47D3958) ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दूसरे हादसे में कार में सवार निर्मला सिंह, धापल सिंह और चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कॉर्पियो कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम किया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने कड़ी मेहनत के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात फिर से शुरू कराया। फिलहाल पुलिस फरार अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है और ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

फर्जी किसानों और व्यापारियों के विरूद्ध कलेक्टर का सख्त रूख

तीन उपार्जन केन्द्रों के औचक निरीक्षण में 7 किसानों का मिला फर्जी पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में चल रहे धान उपार्जन कार्य में अनियमितताओं पर कलेक्टर आशीष तिवारी की पैनी और चौकस नजर है। कलेक्टर ने फर्जी कृषकों के पंजीयन की जांच हेतु प्रत्येक तहसील के 20-20 सर्वाधिक रकबा वाले किसानों की संबंधित एसडीएम से जांच कराया। जिस पर 7 किसानों के धान खरीदी पंजीयन फर्जी पाये गये। कलेक्टर श्री तिवारी ने इन सभी किसानों का पंजीयन निरस्त करने का प्रस्ताव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरंक्षण आयुक्त को भेजा है।

एसडीएम से कराई जांच

कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले की सभी 9 तहसीलों में प्रत्येक तहसील के 20-20 बड़े किसानों के रकबेएवं उनमें बोई गई फसल का भौतिक सत्यापन संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के माध्यम से कराया। सत्यापन के बाद अनुविभाग बहोरीबंद के 6 एवं अनुविभाग कटनी के 1 किसान को मिलाकर कुल 7 किसानों के पंजीयन त्रुटिपूर्ण पाये गये। इन सभी सातों किसानों का मिलाकर कुल पंजीकृत रकबा 103.22 हेक्टेयर है।

इनका पंजीयन होगा निरस्त

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बहोरीबंद के जांच के बाद जिन 6 कृषकों का पंजीयन फर्जी पाया गया उनमें ग्राम भूला के अंशू साहू रकबा 13.94 हेक्टेयर, ग्राम उमरिया निवासी महेन्द्र कुमार चक्रवर्ती रकबा 15.34 हेक्टेयर, ग्राम गुदरी निवासी राममिलन रकबा 12.70 हेक्टेयर, ग्राम चपुहुला निवासी बारेलाल कोल रकबा 15.16 हेक्टेयर एवं ग्राम डबुली निवासी शिवानी ठाकुर रकबा 11.71 हेक्टेयर और ग्राम रितुवा निवासी सज्जनलाल रकबा 11.34 हेक्टेयर का पंजीयन फर्जी पाया गया। इनमें जांच प्रतिवेदन के अनुसार कुछ में फसल नहीं मिली तो किसी किसान की जांच के दौरान नाम दूसरा दर्ज पाया गया, तो कोई किसान ही गांव में निवास करता हुआ नहीं पाया गया।

इसी प्रकार अनुविभाग कटनी के रीठी तहसील के ग्राम मढ़िया निवासी मुकेश कुमार साहू रकबा 23.03 हेक्टेयर का भी पंजीयन त्रुटिपूर्ण पाया गया। बताया गया कि मुकेश कुमार नाम का कोई व्यक्ति ग्राम में निवासरत नहीं है। इस प्रकार इन सभी 7 कृषकों के पंजीयन को त्रुटिपूर्ण मानते हुये कलेक्टर श्री तिवारी ने आयुक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण को इन सभी कृषकों के पंजीयन को निरस्त करने का प्रस्ताव प्रेषित कर दिया है।

3 खरीदी प्रभारियों को नोटिस

कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर सोमवार को धान खरीदी के औचक निरीक्षण हेतु गठित संयुक्त जाँच दल द्वारा तीन उपार्जन केंद्रों निगहरा, विजयराघवगढ़ और हीरापुर कौड़िया का निरीक्षण किया गया। इसमें निगहरा उपार्जन केंद्र में निर्धारित मानक से अधिक तौल लेने, असत्यापित तौल कांटे रखने, टैग में किसान कोड अंकित न करने और तुलाई की राशि लिये जाने आदि के संबंध में विसंगतियां पाई गई। इस पर निगहरा उपार्जन केन्द्र प्रभारी बसंत सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया जायेगा। इसी प्रकार उपार्जन केन्द्र विजयराघवगढ़ में किसानों से निर्धारित मानक से अधिक तौल लेना पाया गया। इन मामले को गंभीरता से लेते हुये विजयराघवगढ़ के प्रभारी रामनारायण गर्ग को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। वहीं स्लीमनाबाद के उपार्जन केन्द्र कौड़िया में अभिलेखों का सही संधारण न करने तथा बोरियों में छापा, टैग आदि न लगाया जाना पाया गया। जिस पर प्रभारी पंकज पाण्डेय को कारण बताओ नोटिस जारी किया जायेगा। जबकि उपार्जन केन्द्र हीरापुर कौड़िया में निरीक्षण के दौरान इस केंद्र पर लगभग 10 हजार क्विंटल धान परिवहन के लिए शेष पाई गई।

कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के पहले से ही व्यापारियों और फर्जी किसानों के विरूद्ध सख्त रूख अपनाया, जिससे अनुचित लाभ लेने के मंसूबों वाले फर्जी किसानों और व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। इसके पहले 1 ऑपरेटर सहित 3 अन्य के विरूद्ध कुठला थाना में एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

स्वयं आत्मनिर्भर बनकर परिवार का भी बनी सहारा बनी पिंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकासखंड रीठी के ग्राम बिलहरी की निवासी पिंकी बर्मन ने जन शिक्षण संस्थान स्व-सहायता समूह से जुड़कर न केवल अपने 7 सदस्यीय परिवार के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित किया। बल्कि, अन्य महिलाओं को भी स्व-सहायता समूह से जुड़कर, अपने पैरों पर खड़े होने और अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

समूह से जुड़ने से पहले, पिंकी की आय शून्य थी और परिवार की आर्थिक स्थिति कमज़ोर थी। आत्मनिर्भर बनने की इच्छाशक्ति के साथ, उन्होंने समूह से 1 लाख 10 हजार रुपये का ऋण लिया। इस राशि को उन्होंने सिलाई, कृषि और पशुपालन जैसी विविध आजीविका गतिविधियों में निवेश किया। उन्होंने सिलाई का कार्य सीखकर उसे अपनी रोज़ी-रोटी का साधन बनाया, खेतों में मेहनत कर उत्पादन बढ़ाया और पशुपालन से घरेलू उपयोग और अतिरिक्त आमदनी दोनों सुनिश्चित किए।

वर्तमान में पिंकी योजना सखी, बैंक सखी, और संकुल स्तरीय संगठन की बुककीपर जैसी विभिन्न भूमिकाओं में कार्यरत हैं। इन सभी कार्यों और अपनी आजीविका गतिविधियों से वे प्रति माह 10 हजार रुपये से अधिक की आय अर्जित कर रही हैं। उनकी यह आय न केवल उनके परिवार की जरूरतों को पूरा कर रही है, बल्कि उन्होंने सम्मानजनक जीवन जीने की दिशा में भी एक बड़ा कदम उठाया है।

खबर संक्षेप

चार दुकानदारों पर स्पॉट फाइन की कार्यवाही

कटनी। नगर निगम कटनी द्वारा स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से लगातार निगरानी एवं कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में रविवार रात नगर के उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के निरीक्षण के दौरान सफाई नियमों का पालन नहीं करने वाले 4 दुकानदारों पर 1100 रुपये के स्पॉट फाइन की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निरीक्षण के समय संबंधित दुकानदारों द्वारा दुकान के सामने कचरा फैलाना, निर्धारित स्थान पर कचरा नहीं डालना एवं स्वच्छता मानकों की अनदेखी करना पाया गया। स्वास्थ्य अमले द्वारा मौके पर ही चालानी कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूला गया तथा भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई। उक्त कार्यवाही के दौरान स्वच्छता निरीक्षक दीपक अग्निहोत्री, वार्ड दरोगा राकेश निगम सहित दीपक जानोकर, सुशील मलिक, विनय अर्खेल एवं सुरेन्द्र नाहर की उपस्थित रहे। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने हेतु इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी। साथ ही व्यापारियों एवं नागरिकों से अपील की गई है कि वे सफाई नियमों का पालन करें और स्वच्छ कटनी के निर्माण में सहयोग प्रदान करें।

सांसद ने विद्यालय के नये भवन का किया शिलान्यास

कटनी। सांसद विष्णुदत्त शर्मा अपने कटनी प्रवास के दौरान विविध कार्यक्रमों में सहभागी हुए। कटनी जिले की सीमा पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। सांसद श्री शर्मा सर्वप्रथम विगत 50 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय सरस्वती विष्णुवेद विद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने विद्यालय के नवीन भवन का शिलान्यास किया। इसके उपरांत आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होकर विद्यार्थियों को आशीर्वचन दिए। उन्होंने विद्यालय के सफल संचालन के लिए समिति को साधुवाद देते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। श्री शर्मा ने कहा कि अध्ययन के साथ-साथ नैतिक शिक्षा, खेलकूद, व्यवसायजनक शिक्षा तथा वेद पाठ्यक्रम जैसे विषयों को भी शिक्षा प्रणाली का अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने कहा कि विष्णुवेद विद्यालय जिले का जाना-पहचाना नाम है, जिसे हम सभी बचपन से देखते आ रहे हैं। यहां के विद्यार्थी निरंतर जिले और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

छात्रवृत्ति हेतु वन टाइन रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

कटनी। कक्षा 9वीं से महाविद्यालय स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (वार्षिक पारिवारिक आय-सीमा 2.50 लाख रूपये में कम) का लाभ प्राप्त होता है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (एनएसपी) पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराया जाना अनिवार्य है। विद्यार्थियों द्वारा एक बार ओटीआर नंबर प्राप्त कर लिये जाने के पश्चात भविष्य में भी अगामी कक्षाओं में इसी नंबर के आधार छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। जिनके लिये पथक में पुनः ओटीआर की आवश्यकता नहीं होगी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यों को अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के वन टाइम रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिये हैं। जिससे समय-सीमा में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजनाओं में लाभान्वित किया जा सके।

पेंशन शिविर प्रारंभ

कटनी। जिले में समस्त सेवानिवृत्त शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला पेंशन कार्यालय कटनी में सोमवार को तीन दिवसीय पेंशन शिविर का आयोजन शुरू हो चुका है। इस शिविर का आयोजन 31 दिसंबर तक किया जायेगा। जिला पेंशन अधिकारी नीतू गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में लंबित पेंशन प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाना है।

समय सीमा की बैठक में प्रकरणों की समीक्षा कर कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये निर्देश

मिलावटी दूध बेचने वालों पर करें कड़ी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले में आयुष्मान कार्ड और भूमि स्वामियों के फार्मर आईडी रजिस्ट्री बनाने के लिये अभियान चलाने के निर्देश दिये। साथ ही कलेक्टर ने सीमांकन प्रकरणों के निपटारे में तेजी लाने की हिदायत दी। कलेक्टर ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, निगमायुक्त तपस्या परिहार और अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा मौजूद रहे।

मिलावटी दूध की करें जांच

कलेक्टर श्री तिवारी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और तीनों खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को अभियान चलाकर मिलावटी दूध विक्रेताओं के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन दूध के नमूने संकलित किये जायें। नमूनों की जांच हेतु लैब भेजा जाये और मिलावटी दूध बेचने के कृत्य में शामिल लोगों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाय।

दुग्ध समितियों को करें सक्रिय

कलेक्टर ने उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विकास डॉ आर के सोनी को निर्देशित किया कि जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के लिये शासन द्वारा संचालित दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान 2.0 के तहत पूरा अमला गांव में दिखे। पशुपालकों से संपर्क करें और पशुपालकों को कृत्रिम गर्भाधान, नस्ल सुधार पशुओं के टीकाकरण आदि की जानकारी दें। साथ ही जिले की अक्रियाशील दुग्ध समितियों को सक्रिय करें। डॉ. सोनी ने बताया कि वर्तमान में जिले में समितियों के माध्यम से 1500 लीटर संग्रहित किया जा रहा है।

कृषि उपज मंडी की करें जांच

कलेक्टर श्री तिवारी ने कृषि उपज मंडी की फल-सब्जी प्रांगण से संबंधित शिकायत की जांच हेतु एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी को निर्देशित किया और जांच कार्य में सहयोग के लिये कृषि और उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों की भी सेवायें लेने के निर्देश दिये।

निराकरण में तेजी लाने हिदायत

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने पुलिस, राजस्व, उर्जा, स्वास्थ्य आदि विभागों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता के साथ तेजी लाने की हिदायत दी। उन्होंने जिला श्रम अधिकारी के बी मिश्रा को संबल पंजीयन से संबंधित लंबित शिकातयों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश देते हुये कहा कि कोई भी शिकायत 30 दिन से अधिक लंबित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने सभी विभागों को ईएचआरएमएस पोर्टल में सभी अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की जानकारी और विवरण ऑनलाईन इंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर करेंगे स्थल निरीक्षण

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत सभी विकासखंडों में चयनित किसान हितग्राहियों के स्थल निरीक्षण कलेक्टर स्वयं करेंगे और जिला पंचायत सीईओ भी करेंगी। बताया गया कि योजनांतर्गत 97 का लक्ष्य है। जिस पर कलेक्टर ने लीड बैंक मैनेजर से समन्वय स्थापित कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिये।

ई-केवाईसी में रीठी कमजोर

शत-प्रतिशत ई-केवाईसी सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुये नगर निगम कटनी में और अधिक प्रगति लाने की हिदायत देते हुये कहा कि जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा और रीठी का कार्य ई-केवाईसी के मामले में कमजोर है। इसमें विशेष प्रयास कर प्रगति लायें।

पेंशन प्रकरणों का निराकरण

कलेक्टर ने जिला पेंशन अधिकारी नीतू गुप्ता को निर्देशित किया कि जिले के विभिन्न विभागों से 31 दिसंबर की स्थिति तक सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय कर्मियों के पेंशन प्रकरणों के निराकरण की दिशा में ठोस एवं प्रभावी कार्य किया जाये। पिछले दो साल में रिटायर हुये कर्मचारी जिनका पेंशन नहीं शुरू हुई और असहयोग करने वाले आहरण संवितरण अधिकारियों का चिन्हांकन किया जाना चाहिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने नगर परिषद बरही और विजयराघवगढ़ में गीता भवन बनाने के लिये भूमि चिन्हित कर आवंटित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने नगर निगम कटनी सहित कैमोर, विजयराघवगढ़ एवं बरही के नगरीय निकायों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनांतर्गत निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

सीमांकन बंटवारा में लाये तेजी

कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले के सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अभिलेख दुरूस्ती के मामलों को निपटाने में तेजी लायें। कलेक्टर ने सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण आदि राजस्व मामलों में भी गति लाने की हिदायत दी।

बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, सभी डिप्टी कलेक्टर, सभी एसडीएम, जिला पंजीयक पंकज कोरी, जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम, जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी, महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान, सिविज सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर, लोकसेवा के जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने किया पशुपालकों से संवाद, दी गई जानकारियां

कटनी। जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों की आय दुगुनी करने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत अधिकारी गांव-गांव जाकर पशुपालकों से संपर्क कर उन्हें दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, सेक्स सॉर्टेड सीमन, पशु स्वास्थ्य आदि की जानकारी दी। इसी क्रम में उपसंचालक पशु आर के सोनी ने विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम सिमरिया के पशु पालक पवन परौहा से संवाद कर सेक्स सॉर्टेड सीमेन के बारे में जानकारी दी। इसी प्रकार तहसीलदार बड़वारा ऋषि गौतम एवं पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी बड़वारा डॉ. रवि कटारिया ने पशुपालकों से ग्रह भेंट कर सत्यापन कार्य किया और पशुपालकों को सेक्स सॉर्टेड सीमन के लाभ के बारे में अवगत करवाया। इसी प्रकार ग्राम सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी रितु सिंह ने मझगांव के पशु पालक रोशनलाल उपाध्याय, ब्रजमोहन शर्मा एवं चेतराम कुशवाहा से गृह भेट किया तथा पशु नस्ल सुधार, संतुलित आहार, पशु स्वस्थ, रोग रोकथाम, उन्नत बीज कृत्रिम गर्भधान, दुग्ध उत्पादन से आय पर संवाद कर जागरूक किया गया।

सहभागिता के बाद मूलभूत सुविधाओं की मिलेगी सौगात

अनधिकृत कालोनियों में अधोसंरचना विकास के लिए शुल्क जमा करने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर की अनधिकृत कालोनियों में अधोसंरचना विकास सुनिश्चित करने की दिशा में निगम प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशों के परिपालन में नगर की अनधिकृत कालोनियों के रहवासियों से वार्ड में ही विकास शुल्क की राशि जमा कराने की सुविधा प्रदान कर संबंधित क्षेत्रों में विकास कार्य कराए जाने हेतु सोमवार को नगर के 3 वार्डों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया।

नोडल अधिकारी एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 3 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में पहरूआ स्कूल के पास तथा तरह इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 4 के शिवाजी नगर, बालाजी नगर सहित राममनोहर लोहिया वार्ड क्रमांक 5 के अहमद नगर में आयोजित इन शिविरों में वार्ड अनधिकृत कालोनियों के नागरिकों ने उपस्थित होकर 76 हजार 416 रुपये की विकास शुल्क की राशि जमा की। शिविर स्थलों पर निगम के शिविर प्रभारी सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे, उन्होंने नागरिकों को विकास शुल्क की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों एवं इससे होने वाले लाभों की जानकारी दी।

नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि विकास शुल्क की राशि प्राप्त होने के पश्चात संबंधित वार्डों की अनधिकृत कालोनियों में चरणबद्ध तरीके से सड़क, नाली, पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य मूलभूत अधोसंरचना विकास कार्य कराए जाएंगे, जिससे क्षेत्रवासियों को और भी बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। नगर निगम प्रशासन ने बताया कि अनधिकृत कालोनियों के नियमितीकरण एवं विकास की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। शेष रहवासियों से भी अपील की गई है कि वे आगामी दिनों में आयोजित होने वाले शिविरों में उपस्थित होकर विकास शुल्क जमा करें, ताकि उनके क्षेत्रों में भी शीघ्र विकास कार्य प्रारंभ किए जा सकें और समग्र विकास को गति मिल सके। उल्लेखनीय है कि नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर आगामी 31 दिसंबर तक वार्ड क्रमांक 3,4 एवं 5 में शिविरों का आयोजन प्रातः 11 बजे से शाम 5:30 बजे तक किया जायेगा।

विद्यार्थियों ने व्हाइट टाइगर सफारी में किया पर्यटन भ्रमण

MAHARAJA MARTAND SINGH JU DEO
WHITE TIGER SAFARI & ZOO
Mukundpur

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसवाही के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का 100 सदस्यीय दल पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के तहत व्हाइट टाइगर सफारी जू वन्यजीव स्थल मुकुंदपुर जिला रीवा के भ्रमण पर गया। उक्त पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय हरित कोर (ईको क्लब) की योजनाओं के तहत छात्रों में पर्यावरण जागरूकता, जैव विविधता एवं पारिस्थितिक तंत्र की अवधारणा को छात्र अपने मानस पर उतारें , ज्ञान प्राप्त करें साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के बारे में जागरूक हों।उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार मिश्रा एवं विद्यालय के ईको क्लब प्रभारी प्रदीप कुमार सूर्जे के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने मुकुंदपुर पहुंचकर व्हाइट टाइगर सफारी के सुरम्य वातावरण में सभी वन्य जीव जैसे रीवा मध्य प्रदेश की महान पहचान सफेद शेर, टाइगर, शेर, चीता, जंगली बिल्ली, हिरण,मृग, काला हिरण, चीतल, सांभर, शुतुरमुर्ग, देश विदेश की विभिन्न पक्षी, अजगर, मगरमच्छ आदि को बहुत नजदीक से देखा जाना एवं समझा। इस प्रकार छात्रों ने पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व को समझा एवं भविष्य में वन्य जीव प्राणियों वनस्पतियों एवं जैव विविधता तथा पर्यावरण संरक्षण का शपथ लिया ।

टेवाईट महाविद्यालय में फूड फेस्टिवल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

टेवाईट महाविद्यालय में नया वर्ष 2026 का स्वागत विशिष्ट अंदाज में किया गया जिसमें छात्र एवं छात्राओं द्वारा स्वनिर्मित अपने हाथों से बनाये हुए विभिन्न व्यंजन जैसे मीठा, कस्टर्ड, रबडी, इडली, केसर बादाम दूध आदि से एक-दूसरे छात्र-छात्राओं को खिलाकर समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमति ऊषा पाडे. पूर्व प्राचार्य, डॉ. संध्या खरे, प्राचार्य नालंदा, कालेज, एवं एस0के0 खम्परिया अध्यक्ष शतरंज संघ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। डॉ. खम्परिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने हाथो से बनाये खाद् पदार्थ में बनाने वालो की भावनाओं से मिठास आती है। इसलिये माँ के हाथ का बना भोजन सर्वाधिक स्वादिस्ट होता है।

डॉ संध्या खरे ने छात्रो के अनुशासन एवं अपने कार्य के प्रति समर्पण की प्रशंसा की। और कहा कि छात्र-छात्राओं में नयी विधाओं को सीखने में मेहनत की है वह प्रशंसनीय है।

टेवाईट महाविद्यालय, प्राचार्य डॉ. जैनेन्द्र द्विवेदी ने उद्बोधन में कहा महाविद्यालय प्रोफेसर एवं सभी सदस्य विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम मिश्रा, कार्यक्रम प्राभारी नीतू चैबे,अजय दुबे, रश्मि वर्मा,शिशांक जैन, शिवम परौहा, हरिप्रिया वर्मा, गरिमा खटीख, विकास तिवारी आदि की सक्रियता की प्रशंसा की।

महाविद्यालय द्वारा समस्त अतिथियो का स्वागत छात्रों द्वारा स्व.निर्मित पेटिंग एवं आचार्य प्रमाण सागर जी द्वारा लिखित ''भावना योग, नकारात्मकता का हल'' पुस्तक भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम में डॉ. सुरेन्द्र राजपूत, डॉ. ज्योति राजपूत, राकेश तिवारी विपिन गर्ग, वीरशाह राजपाल की उपस्थिति रही।

शिक्षा के साथ ही स्व रोजगार से जोड़ने के लिए दिया प्रशिक्षण

महाविद्यालय बहोरीबंद में विद्यार्थियों को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

शिक्षा के साथ स्वरोजगार के माध्यम से स्वाबलंबी बनाने हेतु वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को जैविक खेती के अंतर्गत नवीन शिक्षा पद्धति के तहत सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक विषयों तथा परीक्षा प्रणाली की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि जैविक खेती एक ऐसी प्रणाली है, जिसमें रासायनिक खाद, कीटनाशक एवं हार्मोंस के प्रयोग को नकारते हुए ग्राम में उपलब्ध संसाधनों से जैविक खाद,

कीटनाशक एवं फसल चक्र, फसल अवशिष्ट अन्य जैविक आदान तथा जीवाणु खादों के प्रयोग से फसल उत्पादन किया जाता है।

प्रशिक्षण में जैविक खेती की आवश्यकता, रासायनिक खाद, कीटनाशकों के फसलों में असंतुलित उपयोग से भूमि, मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को हो रहे नुकसान के विषय में बतलाया गया। साथ ही परंपरागत खेती, जैविक खेती एवं रासायनिक खेती में अंतर, कम लागत तकनीकी से अधिक उत्पादन बढ़ाने, भूमि की उपजाऊ क्षमता में वृद्धि, जीरो बजट फार्मिंग और प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती के फायदे की तकनीकी जानकारी दी गई।

प्रशिक्षक श्री दुबे ने बताया कि जैविक खेती में भूमि की उर्वरक शक्ति में टिकाऊपन होता है। जैविक खेती प्रदूषण रहित होती है तथा इसमें कम पानी की आवश्यकता एवं पशुओं का अधिक महत्व होता है। साथ ही फसल अवशेषों को खपाने की समस्या भी नहीं होती। जैविक खेती से अच्छी गुणवत्ता की पैदावार होती है।

प्रशिक्षण में जैविक कृषि उत्पादों के उपयोग से स्वास्थ्य में सुधार एवं राष्ट्र एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मांग की जानकारी दी गई। जैविक खेती के घटक के अंतर्गत जैविक खाद, जैविक कीटनाशक दवा, फसल चक्र एवं मिश्रित खेती तथा जैव उर्वरक एवं जैविक खेती की आवश्यकता के अंतर्गत मिट्टी की उर्वरता और संरचना का संरक्षण, जल और वायु प्रदूषण से बचाव, किसान की लागत कम करना, उपभोक्ताओं को शुद्ध सुरक्षित और पोषक अन्न उपलब्ध कराना है।

निगमायुक्त ने योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

शिकायतों के निराकरण में गंभीरता से कार्यवाही करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर की वायु गुणवत्ता सुधार की दिशा में निर्माणाधीन स्थलों वाले मार्गो में रोजाना पानी छिड़काव के कार्य के साथ ही नगर विभिन्न शासकीय विभागों के माध्यम से संचालित बड़े एवं छोटे निर्माण कार्यों के दौरान ढककर अथवा नेट लगाने की आवश्यक कार्यवाही करनें हेतु पत्राचार करना सुनिश्चित हो।

उक्त आशय के निर्देश सोमवार को आयोजित समय -सीमा की बैठक में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त ने सीवरेज के कार्यों के दौरान प्रोफाईल शीट का उपयोग करने, मुख्य मार्गो के डिवाइडर की मिट्टी को व्यवस्थित कर रोजाना डिवाइडर की सफाई करानें के साथ-साथ स्प्रिंकलर के माध्यम से

पौधों से की सिंचाई करानें और रोड स्वीपिंग मशीन से मुख्य मार्गो की रोजाना सफाई करानें के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों एवं शासकीय योजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा की।

सी.एम.हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त सुश्री परिहार ने निगम के प्रत्येक विभाग के अधिकारियों को रोजाना अपने विभाग से संबंधित दो शिकायतों पर सर्वोच्च प्राथमिकता से कार्यवाही करते हुए उनका निराकरण कर कृत कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए।

नगर की अनाधिकृत कालोनियों में निवासरत लोगों को वार्ड में ही विकास शुल्क की राशि जमा कराने की सुविधा प्रदान कर मूलभूत अधोसंरचना एवं विकास कार्य उपलब्ध कराने हेतु वार्डो में सोमवार से आयोजित हो रहे विकास शुल्क शिविरों की जानकारी ली जाकर निर्देशित किया कि इन शिविरों के सार्थक परिणाम तभी प्राप्त होंगे जब अधिक से अधिक स्थानीय नागरिकों को शिविर की जानकारी मिले। आपने शिविरों एवं विकास शुल्क के संबंध में नागरिकों को अवगत कराते हुए विकास शुल्क राशि जमा करने हेतु प्रेरित करने तथा प्रतिदिन का टारगेट निर्धारित कर शिविर की जानकारी से रोजाना अवगत कराने के निर्देश प्रभारी कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह को दिए।

निगमायुक्त ने विभागीय प्रकरणों की समीक्षा के दौरान ई-ऑफिस के सुचारू संचालन हेतु शेष कर्मचारियों के आई.डी को शीघ्रता से पूर्ण करानें के निर्देश दिए। वहीं सीवर कार्य की समीक्षा के दौरान जिन स्थलों पर कार्य पूर्ण हो गया है वहां रेस्टोरेशन का कार्य प्रारंभ करने, अवैध कॉलोनियों, फायर एन.ओ.सी एवं अनाधिकृत रूप से संचालित मैरिज गार्डन पर नियमानुसार कार्यवाही जारी रखने, स्वनिधि योजना के प्रकरणों में गति लाने, डोर-टू-डोर संपर्क कर शेष ई-केवाईसी का पूर्ण करानें, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 23 जनवरी को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह की तिथि का प्रचार-प्रसार करने, विधि विभाग के अतिक्रमण से संबंधित प्रकरणों पर नोटिस आदि की कार्यवाही करने, नगर में अनाधिकृत रूप से लगे ग्लोसाइन बोर्ड, बैनर, पोस्टर पर नियमानुसार कार्यवाही करने, संपदा शाखा के कार्यों को सुचारू संपादन हेतु फुल टाइम कर्मचारी नियुक्त करने, सीडिंग सेंटर हेतु स्थलों का शीघ्रता से चयन करने, अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों पर कार्यवाही निर्देश अधिकारियों को दिए।

जिले में अब तक 303 क्विंटल से अधिक कोदो की हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर कटनी जिले के इतिहास में किसानों से पहली बार हो रहे कोदो-कुटकी के उपार्जन में जिले में अब तक 37 किसानों से 303.77 क्विंटल कोदो का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि कोदो उपार्जन के विरूद्ध किसानों को 7 लाख 59 हजार 425 रूपये का भुगतान किया जाएगा। उपार्जित कोदो का शत-प्रतिशत परिवहन किया जा चुका है।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में किसानों की सुविधा के लिए कोदो कुटकी का उपार्जन म.प्र. राज्य वेयर हाउस, मझगंवा, बड़वारा के उपार्जन केन्द्र पर किया जा रहा है। इस उपार्जन केंद्र का संचालन संगम बी.डी. कृषक उत्पादक संगठन द्वारा किया जाएगा। जिले के 309 किसानों ने ई-उपार्जन पोर्टल पर अपनी फसल बेचने के लिए पंजीयन कराया है। कोदो-कुटकी की खरीदी 15 जनवरी 2026 तक की जायेगी।

1 हजार रुपए प्रति क्विंटल मिलेगी प्रोत्साहन राशि

श्रीअन्न उत्पादक जिले के कृषकों से श्रीअन्न कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (श्रीअन्न फेडरेशन) द्वारा कोदो-कुटकी का उपार्जन किया जा रहा है। खरीफ- 2025 में उत्पादित श्रीअन्न कुटकी 3500 रूपये प्रति क्विंटल एवं कोदो 2500 रुपये प्रति क्विंटल के मान से उपार्जन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कृषको को प्रोत्साहन राशि के रूप में 1000 रुपये प्रति क्विंटल के मान से संबंधित कृषकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदाय किये जायेंगे।

खबर संक्षेप

शैक्षणिक भ्रमण पर चित्रकूट रवाना हुईं स्कूली बच्चियां

अमानगंज- शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमानगंज की -छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण पर चित्रकूट के लिए रवाना हुई। यह यात्रा 29 दिसंबर 2025 को विद्यालय परिसर से शुरू हुई। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर प्राचीन धरोहरो का ज्ञान एवं व्यवहारिक अनुभव देना है। यात्रा को विद्यालय के प्राचार्य मनीष रेज एवं शिक्षक आशीष खरे, पुष्पेंद्र बागरी पत्रकार अमित द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान शिक्षकों ने बताया कि चित्रकूट भ्रमण के दौरान छात्रों को धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण कराकर जानकारी दी जाएगी । इससे उन्हें किताबों में पढ़ी गई बातों का प्रत्यक्ष अनुभव मिलेगा। साथ ही उनमें सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

नव वर्ष पर मोहन्द्रा पवई मार्ग रहेगा बंद

पवई- हर नव वर्ष पर पवई के मां कलेही मंदिर एवं हनुमान भाटे में एक दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में जिले नहीं बल्कि दूसरे जिलों के लोग भी नव वर्ष का आगाज कलेही देवी एवं हनुमान भाटे में दर्शन करके करते हैं, जिसकी वजह से मोहन्द्रा सिमरिया मार्ग पर काफी भीड़ रहती है। इसी को लेकर सोमवार को पवई थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी के द्वारा मार्ग परिवर्तन की जानकारी देते हुए बताया गया कि एक जनवरी को सिमरिया मोहन्द्रा से पवई आने वाले लोगों को सिमरिया अमानगंज मार्ग से आना होगा,वही कटनी से दमोह सिमरिया जाने वाले लोग अमानगंज होते हुए मोहन्द्रा,सिमरिया से जाएंगे।

सरपंच कप क्रिकेट टूर्नामेंट का ग्राम पंचायत सिलधारा में हुआ भव्य शुभारम्भ

पन्ना। ग्राम पंचायत सिलधरा में सरपंच क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया किया गया उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच संघ पन्ना के जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र पांडे जनपद उपाध्यक्ष पन्ना अरविंद सिंह यादव पूर्व जनपद उपाध्यक्ष पन्ना प्रभा गोड जिला पंचायत सदस्य राम शिरोमणि मिश्रा सरपंच पहाड़ी खेरा राम शिरोमणि लोधी सरपंच दिया लच्छू गोड सरपंच लुहरहाई सरपंच ज्योति राजेश यादव सरपंच सिलधरा अनिल यादव उपस्थित रहे मैच के दौरान पहला मैच उमरी से पहउवा के बीच हुआ जिसमें उमरी की टीम विजेता हुई।

शीत लहर से लोगों का हाल बेहाल

जाते वर्ष में सर्दी ढा रही सितम, आगामी दिनों में भी जारी रहेगा ठंडी का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

हटा के शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण व वनांचल इलाकों तक लगातार बढ़ रही ठंड लोगों पर भारी पड़ती जा रही है। ठंड के साथ अब शीतलहर का असर भी बढ़ने लगा है, जिससे आमजन की परेशानियां और अधिक बढ़ गई हैं। दिसंबर माह के अंतिम दिनों में क्षेत्र भर में कड़ाके की ठंड का कहर साफ तौर पर देखा जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि लोग केवल रात में ही नहीं, बल्कि दिन के समय भी गर्म कपड़े पहनने को मजबूर हैं। शनिवार की अलसुबह इतना घना कोहरा छाया रहा जो दोपहर बाद तक बना रहा जिस दौरान 15 फीट दूर तक के वाहन नजर नहीं आ रहे थे। रात के समय आसमान से गिरने वाली ओस सुबह तक जमीन पर जमी हुई दिखाई दे रही है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इलाके में तापमान कितना नीचे चला गया है। ऐसे हालात में ग्रामीणों, वनवासियों के साथ ही पशु-पक्षियों के लिए भी ठंड बड़ी चुनौती बन गई है। वनांचल क्षेत्रों के अलावा शहरी और मैदानी इलाकों में भी ठंड का असर कम नहीं सुबह है। सूर्योदय से पहले और शाम को सूर्यास्त के बाद कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। घना कोहरा और ठंडी हवाएं लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर रही हैं। सुबह के समय लोग अलाव का सहारा लेते नजर आ रहे हैं, वहीं बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी ठंड से बचाव के लिए अलाव के इंतजाम नगर पालिका द्वारा किए गए हैं।

कड़ाके की ठंड का सेहत पर भी अस

कड़ाके की ठंड का असर लोगों की सेहत पर भारी पड़ रहा है। अत्यधिक ठंड के कारण सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार, सिरदर्द तथा हाथ-पैरों में दर्द जैसी शिकायतों में इजाफा हुआ है। खासकर बच्चे, बुजुर्ग और पहले से बीमार लोग ठंड से अधिक प्रभावित हो रहे हैं। अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है। चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को ठंड से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी जा रही है। डॉक्टरों का कहना है कि गर्म कपड़े पहनें, ठंडे पानी और ठंडी हवा से बचें, गरम पेय पदार्थों का सेवन करें तथा जरूरत पड़ने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल ठंड से राहत मिलने के आसार कम हैं, ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

अभिषेक सिंघई बने जन परिषद के राष्ट्रीय सचिव

दमोह। अखिल भारतीय स्तर की सामाजिक संस्था जन परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी श्री एन के त्रिपाठी ने , संयोजक रामजी श्रीवास्तव, प्रांतीय सचिव श्री नितिन श्रीवास्तव एवं दमोह चैप्टर के अध्यक्ष श्री बिल्लू बाधवा की अनुशंसा पर वरिष्ठ एडवोकेट अभिषेक सिंघई को इंटरस्टेट कोऑर्डिनेशन कमेटी का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है । जन परिषद के संयोजक रामजी श्रीवास्तव एवं बिल्लू बाधवा के अनुसार जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 37 वर्षों से सामाजिक एवम् रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ साथ, कई ऐतिहासिक एवम् अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है। संस्था पर्यावरण पर बारह अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंसआयोजित कर चुकी है । संस्था के इस समय पूरे देश में 300 से अधिक एवम् विदेशो में 7 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो कि रचनात्मक एवम्सामाजिक सुधार के कार्यों को मूर्तरूप दे रहे हैं।संस्था का मुख्य आधार मानवीय , सामाजिक एवम् राष्ट्रीय दृष्टिकोण है ।

प्रभु से बढ़कर कोई सुख ओर संपदा नहीं: रविकृष्ण शास्त्री

श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हुआ श्रीमद् भागवत कथा

दमोह। नगर के चरहाई बाजार में चल रही आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक रविकृष्ण शास्त्री ने अत्यंत भावपूर्ण और सरल शैली में कथा का प्रवचन करते हुए श्रोताओं को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के मार्ग से परिचित कराया। कथा के दौरान राजा परीक्षित के जन्म का दिव्य प्रसंग सुनाया गया, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की कृपा और भक्तवत्सलता का सुंदर वर्णन हुआ। इसके पश्चात शुकदेव जी के आगमन की कथा ने श्रोताओं को यह संदेश दिया कि सच्चा ज्ञान वही है जो आत्मा को परमात्मा से जोड़ दे। दूसरे दिन विदुरदृकुंती संवाद का भी मार्मिक वर्णन किया गया, जिसमें संसार की नश्वरता और भक्ति की शाश्वत महिमा पर प्रकाश डाला गया। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के प्रसंग सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। बाल गोपाल की लीलाओं में छिपा प्रेम, सरलता और ईश्वर की निकटता का संदेश सभी के हृदय को छू गया। कथा के मध्य मधुर भजनों और संकीर्तन ने वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया। भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और पूरा पंडाल “राधे-राधे” व “हरे कृष्ण” के जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल एक कथा नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य मार्ग है, जो मनुष्य को भक्ति, सदाचार और आत्मिक शांति की ओर ले जाता है। कथा का दूसरा दिन श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक आनंद और आंतरिक शांति का अनुभव बनकर यादगार रहा।

यूट्यूब रिपोर्टर से मारपीट मामले में निलंबित शिक्षिका बहाल, जांच जारी

बनवार/दमोह। शासकीय प्राथमिक शाला हिनौती आजम में यूट्यूब रिपोर्टर के साथ हुए विवाद के मामले में निलंबित की गई प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती सोना मरावी को जिला शिक्षा अधिकारी दमोह द्वारा निलंबन से बहाल कर दिया गया है। हालांकि प्रकरण में विभागीय जांच जारी रहेगी और निलंबन अवधि का निर्णय जांच पूर्ण होने के बाद किया जाएगा। जानकारी के अनुसार 09 अक्टूबर 2025 को यूट्यूब रिपोर्टर श्री पुष्पेन्द्र सिंह लोधी शासकीय प्राथमिक शाला हिनौती आजम पहुंचे थे, जहां उन्होंने विद्यार्थियों एवं प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती सोना मरावी से सवाल किए। इसी दौरान विवाद की स्थिति बनी और आरोप है कि शिक्षिका ने यूट्यूब रिपोर्टर के साथ चप्पल से मारपीट की। घटना का वीडियो भी मौके पर रिकॉर्ड किया गया, जिसकी पुष्टि जनशिक्षक द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर बयान लेकर की गई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर शिक्षिका के विरुद्ध थाना नोहटा मंर आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया। साथ ही यूट्यूब रिपोर्टर के साथ अभद्र व्यवहार, शिक्षकीय गरिमा के विपरीत आचरण एवं शासकीय दायित्वों में लापरवाही के चलते 10 अक्टूबर 2025 को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया था। बाद में श्रीमती मरावी द्वारा 09 दिसंबर 2025 को आरोप पत्र का प्रतिउत्तर प्रस्तुत करते हुए निलंबन से बहाल किए जाने का निवेदन किया गया। सभी तथ्यों पर विचार और विद्यालय में उत्पन्न विवाद की स्थिति तथा आगामी वार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा ने उन्हें निलंबन से बहाल करने के आदेश जारी किए।आदेश के अनुसार अब श्रीमती सोना मरावी को शासकीय प्राथमिक शाला परस्वाहा (संकुल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हौरीमाला, विकासखंड जबेरा) में पदस्थ किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि निलंबन अवधि का निर्णय विभागीय जांच पूर्ण होने के बाद ही किया जाएगा।

अलाव की व्यवस्था नहीं किए जाने से आमजन परेशान

पटेरा। नगर में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बावजूद नगर परिषद द्वारा अब तक किसी भी प्रमुख सार्वजनिक स्थल पर अलाव की व्यवस्था नहीं किए जाने से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टैंड, अस्पताल सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर ठंड से बचाव के लिए कोई इंतजाम नहीं होने से यात्रियों, मरीजों एवं उनके परिजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष हनी ताम्रकार के नेतृत्व में नवाब सोलंकी, कमलेश ताम्रकार, गोलू चौरसिया, कलीमुद्दीन खान, रेनू ताम्रकार सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर परिषद के मुख्य नगर अधिकारी (सीएमओ) को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि पटेरा नगर के सभी प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड, अस्पताल एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर शीघ्र अलाव की व्यवस्था की जाए। ताकि आम नागरिकों को ठंड से राहत मिल सके। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ठंड लगातार बढ़ रही है, लेकिन नगर परिषद इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है, जो कि आम जनता के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही अलाव की व्यवस्था नहीं की गई तो कांग्रेस द्वारा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी नगर परिषद की होगी।

जिले का पहला सांस्कृतिक प्रतिभा कार्यक्रम आज

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा है जिला प्रशासन द्वारा जिले की छुपी हुई सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल की जा रही है। इस पहल के अंतर्गत ‘अनुगूँज’ नाम से जिले का पहला सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि जिले में अनेक ऐसे विद्यार्थी हैं जो गायन, नृत्य, कविता पाठ सहित विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, लेकिन उन्हें अब तक उचित मंच नहीं मिल पाया। इसी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि सरकारी एवं निजी स्कूलों, कॉलेजों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को एक साझा मंच प्रदान किया जाए। उन्होंने बताया 30 दिसंबर को शाम 06 बजे से रात्रि 09 बजे तक पी.जी कॉलेज के ऑडिटोरियम में ‘अनुगूँज’ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें पूरे जिले से चयनित लगभग 30 सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ होंगी। इन प्रस्तुतियों में विभिन्न क्षेत्रों के विद्यार्थी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने जिले के नागरिकों, विद्यार्थियों के माता-पिता, शिक्षकों एवं स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर बच्चों की प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करें। उन्होंने कहा यह कार्यक्रम जिले में अपनी तरह का पहला प्रयास है और भविष्य में यह मंच विद्यार्थियों को राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने में सहायक सिद्ध होगा।

भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत की हुई बैठक

दमोह। भारतीय किसान संघ की प्रांतीय 2 दिवसीय बैठक दमोंह में चल रही थी जिसका आज संपन्न हुआ जिसमें पधारे प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह अंजना ने भूमि अधिग्रहण एक्ट के बारे में सभी को बताया साथ ही किसान संघ की रीति नीति और कार्य पद्धति पर अपना विषय रखा, क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी ने कार्यकर्ता निर्माण पर चर्चा की, प्रांत अध्यक्ष गजराज सिंह संगठन विस्तार और इसको मजबूत केसे करे इस पर मार्गदर्शन किया, प्रांत संगठन मंत्री तुलाराम भाईसहाब ने 24 जिलों से आये जिला अध्यक्ष और मंत्री सभी को संगठन की केंद्रीय कार्यक्रम जो हो रहे हैं और होने वाले हैं इससे अवगत कराया, प्रांत महामंत्री प्रहलाद पटेल ने संगठन में हो रहे सभी गतिविधियों पर जानकारी की और उनको और अछे तरीके से करने के किए सुझाव साझा किए, दमोंह जिले की जिला संयोजिका श्रीमती गीता पटेल के साथ मात्रशक्ति की उपस्थित से महिलाओं का प्रतिनिधित्व रहा। इस बैठक में महाकौशल प्रांत की संपूर्ण कार्यकारिणी, सभी संभाग के पदाधिकारी 24 जिलों के अध्यक्ष और मंत्री के साथ साथ दमोंह जिले की पूरी व्यवस्था टोली मौजूद रही।

रेडक्रॉस का विशेष सदस्यता अभियान प्रारंभ

दमोह। इंडियन रेडक्रास सोसायटी, मध्य प्रदेश राज्य शाखा भोपाल के निर्देशानुसार भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा दमोह द्वारा विशेष सदस्यता अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान 31 जनवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा।अभियान के अंतर्गत नागरिक विभिन्न श्रेणियों में रेडक्रॉस की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। सदस्यता के लिए अंशदान की दर इस प्रकार निर्धारित की गई है, संरक्षक के लिए 25,000 रू उप-संरक्षक के लिए 12,000 रू तथा आजीवन सदस्यता के लिए 1,000 रू है। इस अवसर पर सचिव, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा दमोह ने कहा कि रेडक्रॉस से जुड़कर नागरिक आपदा राहत, रक्तदान, स्वास्थ्य सेवाओं, आपातकालीन सहायता एवं समाज के जरूरतमंद वर्गों की सेवा में सक्रिय योगदान दे सकते हैं। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं एवं महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ने का आग्रह किया।

कांग्रेसियों ने संगठन मजबूत करने का लिया संकल्प

जबेरा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जबेरा के द्वारा अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के 140 वे स्थापना दिवस पर स्थापना दिवस राजनीतिक गरिमा एवं संगठनात्मक संकल्प के साथ मनाया गया कार्यक्रम का आयोजन बस स्टैंड स्थित कांग्रेस कार्यालय में किया गया जहां पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओ पी शर्मा ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी ने कांग्रेस पार्टी के गठन और उसकी ऐतिहासिक संघर्ष, लोकतंत्र की मजबूती, में भूमिका एवं वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में कांग्रेस की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आजादी से लेकर संविधान ,सामाजिक न्याय, एवं जनहित के मुद्दों पर हमेशा संघर्ष किया है और आज जरूरत है कि संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत किया जाए। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने के साथ ही बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय करने एवं आगामी समय में राजनीतिक चुनौतियों के लिए एकजुट होकर के कार्य करने का संकल्प लिया।

विलुप्त हो रही ग्रामीण परिवहन की रीढ़ - बैलगाड़ी

विरासत - कभी खेती किसानी की रीढ़ रही बैलगाड़ी आज गांवों में भी दिखाई नहीं देती

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

एक समय ग्रामीण परिवहन व्यवस्था की रीढ़ रही बैलगाड़ी अब विलुप्त होती जा रही है तकनीक ने खेती-बाड़ी के तौर तरीकों में बड़ा बदलाव ला दिया है इसका असर बैलगाड़ी पर भी पड़ा है ट्रैक्टर मिनी ट्रक आटों लोडर और अन्य परिवहन साधनों ने तेजी से बैलगाड़ी की जगह ले ली है और खेती से जुड़ी यह पारंपरिक पहचान अब कभी कभार ही सड़कों पर दिख जाती है किसान अपने खेतों में समय बचत करने के लिए मशीनों का सहारा ले रखा है फसल काटने से लेकर बोने तक मशीनों का प्रचलन बढ गया है इस आधुनिक युग में खेती के हल बैल बोझा ढोने के काम में आने वाले बैल गाड़ी देखने को नहीं मिल रही है।

हल बैलों से करते हैं जुताई

तेंदूखेड़ा निवासी भागीरथ रजक ने बताया कि सोमवार को जबलपुर से आते समय 27 मील के पास तेंदूखेड़ा की और से आते हुए रास्ते में मुझे एक बैलगाड़ी कई साल बाद देखने को मिली बैलगाड़ी देखकर मुझे अपने बचपन के दिनों की याद आ गई उन्होंने कहा कुछ सालों तक बैलगाड़ी दिखाई देती थी और मैंने भी बैलगाड़ी की सवारी और खेती-बाड़ी में मदद ली है लेकिन समय के साथ आज बैलगाड़ी बहुत दिनों बाद देखने को मिली बैलगाड़ी लेकर जा रहे किसान ने बताया कि वो नरगुवा ग्राम गए थे अब अपने घर जा रहे हैं उन्होंने कहा कि वो आज भी खेत की जुताई हल बैल से करते हैं और अधिकांश आवश्यक कार्य बैलगाड़ी से ही निपटाते हैं उनका मानना है कि आधुनिक साधनों पर निर्भरता बढ़ने से नई पीढ़ी इस पारंपरिक परिवहन माध्यम को भूलती जा रही है जबकि यह किसानों का कई मामलों में आत्मनिर्भर बनाती है इसको संरक्षित करने की जरूरत है

शान की सवारी थी बैलगाड़ी

जब ग्रामीण क्षेत्रों में वाहनों की आवाजाही नहीं थी और लोग हजारों किमी दूर तक पैदल चलकर या फिर इस बैलगाड़ी से अपनी मंजिल तक पहुंचते थे लेकिन अब विलुप्त हो चुकी है ग्रामीण क्षेत्रों में बैलगाड़ी की सवारी शान की सवारी कहीं जाती थी खराब सड़कों पर भी बैलगाड़ी लोगों को अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचा देती थी मायके से ससुराल जाना हो या किसी गांव व जिले जाना हो तो बैलगाड़ी एक यातायात का बढ़िया साधन था आने वाले समय के बच्चों के बीच बैलगाड़ी की कहानी बताने वाला कोई नहीं होगा।

ग्रामीण संस्कृति और आत्मनिर्भरता की प्रतीक

किसान भागीरथ रजक पंडा ने बताया कि एक समय था जब किसान खेती का बोना रोपना अनाज दुलाई बाजार तक माल पहुंचाने से लेकर गोबर खाद और भूसा परिवहन तक हर कार्य बैलगाड़ी से करते थे आज किसान आधुनिक साधनों का उपयोग कर रहे हैं जिससे बैलगाड़ी का उपयोग कम हो गया है किसान दशरथ पाल ग्र का कहना है कि यदि बैलगाड़ी परंपरा संरक्षित नहीं की गई तो आने वाली पीढ़ी सिर्फ किताबों और तस्वीरों में ही इसे देख पाएगी यह भारतीय ग्रामीण संस्कृति और आत्मनिर्भरता की प्रतीक भी रही है।

पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समितियों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

थाना प्रभारी अरविन्द सिंह ने बाल विवाह रोकने शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया

बाल विवाह को रोकने भारत सरकार व्दारा संचालित 100 दिवसीय अभियान को सफल बनाने संकल्प समाज सेवी संस्था दमोह एवं महिला बाल विकास विभाग दमोह के संयुक्त तत्वावधान मे एक्सिस टू जस्टिस परियोजना के तहत ग्राम पंचायत भवन तेजगढ़ मे एक दिवसीय पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समितियों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण शिविर मे तेन्दूखेड़ा ब्लॉक की 10 ग्राम पंचायतों के बाल संरक्षण समितियों के सरपंचों, सचिवों, रोजगार सहायकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, अध्यक्ष शाला प्रबन्ध समिति, आशा कार्यकर्ताओं, शाला प्रमुखों, चयनित बच्चों, पंचगणों, गणमान्य-जनों आदि पदाधिकारियों एवं सदस्यों को प्रशिक्षक तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविन्द सिंह,महिला बाल विकास विभाग दमोह के बीरेंद्र जैन, जिला समन्वय देवेन्द्र दुबे, कार्यकर्ता सुजात खान,नीति आयोग के कुलदीप जी, प्रतिभा सिंह, दर्शन नामदेव व्दारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उपस्थित सभी सदस्यों को बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण, बाल तस्करी जैसी गैरकानूनी गतिविधियों को रोकने कानून सम्मत प्रशिक्षण दिया गया। सभी सदस्यों को बाल विवाह रोकने 27 नवबंर 2025 से आगामी 08 मार्च 2026 तक चलाये जा भारत सरकार के 100 दिवसीय अभियान के बारे मे विस्तार से समझाया गया। बच्चों के अधिकारों के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई। थाना प्रभारी अरविन्द सिंह ने साईवर अपराध, यातायात सुरक्षा, शराब बंदी पर अपनी बात रखते हुये कहा कि बाल अपराध को रोकने मे पुलिस सहयोग के लिये सदैव तत्पर है। जिला पंचायत सदस्य रजनी सिंह ने आयोजन की सराहना करते हुये कहा कि बाल विवाह एवं बाल अपराधों को रोकने मे हम बतौर जनप्रतिनिधि पूरा सहयोग किया जायेगा। एवं आकांक्षी ब्लॉक तेन्दूखेड़ा को बाल विवाह मुक्त बनाने मे जनजागरण करेंगे। प्रशिक्षण मे उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने 100 दिवसीय अभियान को सफल बनाने मे सहयोग का भरोसा दिलाया। सभी ने अपनी अपनी पंचायत को बाल विवाह मुक्त एवं बाल हितैषी बनाने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण शिविर के अंत मे बाल विवाह रोकने सामुहिक शपथ भी थाना प्रभारी अरविन्द सिंह ने दिलाई।

हिन्दी लेखिका संघ दमोह की शीतकालीन काव्य गोष्ठी हुई

हिन्दी लेखिका संघ मध्यप्रदेश दमोह

दमोह। हिन्दी लेखिका संघ दमोह की शीतकालीन काव्य गोष्ठी सरस्वती कन्या विद्यालय के सभागार में डॉ रेवा चौधरी के सौजन्य से सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ कुलदीप कौर रहीं। अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष पुष्पा चिले ने एवं विशिष्ट आतिथ्य का दायित्व डॉ प्रेमलता नीलम ने निभाया। कार्यक्रम का संचालन मनोरमा रतले ने किया। मां सरस्वती के पूजनोपरांत संगीता पान्डे सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। आभार डॉ रेवा चौधरी ने व्यक्त किया।डॉ कुलदीप कौर ने अपने उद्बोधन में अटलजी के कई रोचक संस्मरण सुनाते हुए कहा कि अटलजी राजनीति में दमकते हीरा थे, जिसकी चमक शताब्दियों तक दमदमाती रहेगी। प्रथम चरण में श्रद्धेय अटलजी को समर्पित रचनाओं का पाठ किया गया। पुष्पा चिले ने कहा बड़े अद्वितीय अटल अडिग हिमालय से थे,प्रखर, प्रवल थे अटल तुंग शिवालिक से थे। डॉ प्रेमलता नीलम ने पढ़ा सदा अटल अटल ही रहे, उल्टी धार कभी न बहे। डॉ संगीता पाराशर ने कहा नाम अटल, काम अटल संकल्प भी अटल रहे। राजनैतिक, सामाजिक कर्म भी रहे अटल। डॉ रेवा चौधरी ने पढ़ा अटलजी की वाणी में गंगा सी शीतलता, दृष्टि में हिमालय सा अडिग विश्वास। पद्मा तिवारी ने पढ़ा सौभाग्य हमारे देश का, जन्मे जहां अटल अनमोल, साहित्य मर्मज्ञ थे, कहते थे शब्दों को तौल। मनोरमा रतले ने पढ़ा अटल थी अटलजी की कविता,मुखरता सहज मधुर थी उनकी वाणी और दयालुता। संगीता पान्डे ने कहा महफिल में बार बार उसी पर नजर गई, हमने बचाई लाख मगर फिर उधर गयी। कुसुम खरे श्रुति ने कहा प्रति दिन सूरज उदय होता है,ले सिन्दूरी चादर, त्याग तपस्या का सुहाग केशरिया सिर पर। वसुंधरा तिवारी ने कहा ठिठुरन भरा पैगाम लाई है,शीत ऋतु जो आई है। मधुलता पाराशर ने पढ़ा न जाने कहां से उतरता है कोहरा, पहाड़ों की छत पर उतरता है कोहरा। आराधना राय ने पढ़ा जहां मुझे घड़ियां नहीं चिड़ियि जगाती हैं, भोर से मंदिर की घंटियां सुनाती हैं। अर्चना राय ने कहा कि अटलजी देश के सच्चे देशभक्त थे, अकाट्य सत्य थे।

मतदाताओं का उत्साह लोकतंत्र की मजबूती का परिचायक: कलेक्टर

कड़ाके की ठंड के बावजूद मतदान में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया, सुबह से ही तेज सर्दी और घने कोहरे के बावजूद पटेरा और कुम्हारी क्षेत्र में मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने के बावजूद सुबह से ही मतदान केंद्रों पर महिलाओं और पुरुषों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं और मतदाता पूरे जोश के साथ अपने मताधिकार का उपयोग करते नजर आए। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया, दोपहर 01 बजे तक मतदान प्रतिशत लगभग 50 प्रतिशत को पार कर चुका था। इसमें 45 प्रतिशत से अधिक महिलाओं ने मतदान किया, जबकि 54 प्रतिशत से अधिक पुरुष मतदाताओं ने अपने वोट डाले हैं। यह आंकड़े क्षेत्र में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति जागरूकता और विश्वास को दर्शाते हैं। उन्होंने बताया घोघरा गांव में विरोध की बात सामने आई थी लेकिन वहां भी मतदाता मतदान के लिए कतारों में लग गए हैं। यहां पहले महिलाओं को मतदान के लिए प्राथमिकता दी गई, जिसके बाद पुरुष मतदाता ने भी वोटिंग की।

देवरान और निबोरा में हुआ मतदान

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत जनपद पथरिया की ग्राम पंचायत देवरान एवं निबौरा कला मैं मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सुचारू रूप से संपन्न हुआ। एसडीएम निकेत चौरसिया ने बताया देवरान के मतदान केंद्र क्रमांक 130 के कुल 708 मतदाताओं में 584 एवं मतदान केंद्र क्रमांक 131 के 669 मतदाताओं में 461 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी प्रकार मतदान केन्द्र क्रमांक 121 निबोरा कला में कुल मतदाता 647 में 545 मतदाताओं और मतदान केंद्र क्रमांक 122 मैं 674 मतदाताओं में 541 मतदाताओं ने अपने मताधिकार को प्रयोग किया।

जिला पंचायत क्षेत्र कुम्हारी में 68.30 प्रतिशत मतदान

दमोह । राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 में सुबह 07 बजे से 77 मतदान केन्द्रों में मतदान प्रारंभ हुआ। प्रातः ही सर्दी और घने कोहरे के बावजूद पटेरा और कुम्हारी क्षेत्र में मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने के बावजूद सुबह से ही मतदान केंद्रों पर महिलाओं और पुरुषों की मौजूदगी नजर आई और मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करते नजर आए। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने मतदान केन्द्रों का जायजा लिया और व्यवस्थाओं को देखा। इलेक्शन प्रेक्षक शैलेन्द्र कियावत भी पूरे समय क्षेत्र के भ्रमण पर रहे। उन्होने बताया अपरान्ह 03 बजे तक फाइनल मतदान 68.30 प्रतिशत रहा है। वोटिंग महिला 14368, पुरूष 15985, टोटल 30353, टोटल वोटर महिला 21209, पुरूष 23230 टोटल 44439। वोटिंग प्रतिशत महिला 67.74, पुरूष 68.81 प्रतिशत रहा।

31 दिसंबर को ग्राम घोघरा में समाधान शिविर का आयोजन

कलेक्टर के आश्वासन पर ग्रामीणों ने शुरू किया मतदान

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया, ग्रामीण-जनों द्वारा उन्हें फोन कर अवगत कराया गया था कि ग्राम घोघरा में विभिन्न समस्याओं के कारण लोग मतदान नहीं कर रहे हैं। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारियों को ग्राम घोघरा भेजा गया, जहाँ समस्याओं की वास्तविक स्थिति का आकलन किया गया। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया मैने स्वयं ग्राम का दौरा कर स्थिति को प्रत्यक्ष रूप से देखा। उन्होंने बताया गाढ़ाघाट से घोघरा तक लगभग 08 किलोमीटर का मार्ग अत्यंत खराब अवस्था में है, जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा तथा गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, उन्होने ग्रामीणों को अवगत कराया कि संबंधित सड़क निर्माण कार्य पूर्व में ही स्वीकृत हो चुका है तथा शीघ्र ही टेंडरिंग प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। साथ ही बिजली, सड़क और पानी से जुड़ी प्रमुख समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया 31 दिसंबर को अपरान्ह 03 बजे से रात्रि तक ग्राम घोघरा में एक विशेष शिविर लगाया जाएगा, जिसमें 08 से 10 विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविर के दौरान अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। कलेक्टर श्री कोचर स्वयं रात्रि में ग्राम में रुकेंगे तथा नववर्ष का प्रवेश भी ग्राम घोघरा से करेंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा, ग्रामीणों की समस्याएं पूरी तरह जायज़ हैं और यह लोकतंत्र की शक्ति को दर्शाता है कि उन्होंने अपनी बात सही तरीके से उठाई है। एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में उनका कर्तव्य है कि इन समस्याओं का समाधान किया जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासनिक टीम ग्रामीणों द्वारा बताई गई सभी समस्याओं का नियमानुसार और समयबद्ध निराकरण करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी।

दमोह नगर में मुनिश्री प्रमाण सागरजी की हुई ससंघ भव्य मंगल अगवानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य गुणायतन एवं विद्याप्रमाण गुरुकुलम् के प्रणेता मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज का दमोह नगर के नेमीनगर में पदार्पण हुआ तो ऐसा लगा कि समूचा दमोह मुनिसंघ की मंगल अगवानी में उतर आया हो स्थान स्थान पर बहूत ही सुंदर रांगोली बनी हुई थी और श्रद्धालु समूह में भक्ती भाव के साथ जैन धर्म की ध्वजा लिये अपने अपने द्वार पर चरण पखारने एवं मंगल आरती उतारने के लिये लालायित थे। मुनिसंघ एवं गुणायतन मध्यभारत के राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया जब मुनि संघ ने मंगल प्रवेश किया तो आचार्य गुरुदेव के जयघोष के साथ मुनि श्री के जयकारों से संपूर्ण भू मंडल गूंज उठा गाजे बाजे के साथ मुनि श्री ने विजयनगर स्थित जिनालय के दर्शन किये एवं चौक पर विशाल धर्मसभा को सम्वोधित करते हुये कहा कि "आप सभी लोग बड़े भाग्यशाली हो, आपको बड़े बाबा के चरण पखारने का और गुरुदेव का भरपूर आशीर्वाद मिला इसीलिये गुरुदेव ने "दमोह"को बड़े बाबा का प्रवेश द्वार कहा था मुनि श्री ने कहा कि आप लोगों ने इतने विगड़े मौसम में भी इतनी बड़ी संख्या में आकर श्रद्धा और भक्ति दिखाई है वह इस बात का प्रमाण है कि आप लोग गुरुओं के प्रति समर्पित है और इसीलिये पूज्य गुरुदेव के जाने के पश्चात आचार्यश्री का आचार्य पदारोहण बड़ेबाबा के दरबार में ही संपन्न हुआ। मुनि श्री ने कहा कि "मनुष्य अपने प्रयत्नों से इस संसार की प्रत्येक बस्तु को पा सकता है, लेकिन शांति को प्राप्त करने के लिये उसे भगवान के पास ही चलकर आना होगा उन्होंने कहा कि जिसको सत्य का भान होता है,वह पूरा जीवन भगवान, गुरू, तथा धर्म के प्रति समर्पित कर देता है, मुनि श्री ने कहा कि "संसार की सभी बाहरी उपलव्धी उपलव्ध हो सकती है लेकिन अंदर की शांती तभी मिलती है जब हृदय में आध्यात्मिकता का प्रकाश प्रकट होता है। मुनि श्री ने कहा कि सभी को शांति चाहिये तो भगवान के चरणों में अपने आपको समर्पित कर दो। 30 दिसंम्वर को मुनि संघ का हिंडोरिया में मंगलप्रवेश एवं प्रवचन तथा आहार चर्या उपरांत पटेरा के लिए विहार होगा। 31 दिसंम्वर को पटेरा में आहार चर्या उपरांत विहार होगा तथा दौपहर एक बजे कुंडलपुर के बड़ेबाबा के दरबार में मंगलप्रवेश होगा। कुंडलपुर तीर्थक्षेत्र कमेटी द्वारा पटेरा से गुरुदेव की मंगल अगवानी हेतु ऐतिहासिक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

कृषकगण 01 जनवरी 26 तक सोयाबीन विक्रय के लिये ना लायें

दमोह। उपज मंडी समिति दमोह के सचिव ने कृषक बंधुओं से कहा है आज 30 दिसम्बर 25 से 01 जनवरी 2026 तक भावांतर पोर्टल मेंटनेस होने के कारण भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत कृषि उपज मंडी समिति दमोह में सोयाबीन विक्रय के लिये ना लायें। शेष सभी कृषि उपज की नीलामी सुचारू रूप से संचालित रहेगी।

कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा 31 दिसम्बर को लगेगा ग्राम में शिविर

दमोह। घोघरा गाँव मे ग्रामीणों के बीच पँहुचे कलेक्टर सुधीर कोचर ने ग्रामीणों को समझाईस देते हुए कहा कि आप लोग सही हो, आपका दुःख में समझ सकता हूं, आपकी समस्याओं को समझने में खुद यंहा आया हूं। आगामी 31 दिसम्बर को में फिर आऊंगा और आपके ही बीच रहूंगा और रात्रि विश्राम करके सुबह 01 जनवरी को आपके गांव से वापिस जाऊंगा। मेरे साथ सारे विभागों के अधिकारी मौजूद होंगे जो आपकी समस्याएं सुनेगे और उस पर कार्य भी करेंगे। उन्होने बताया 31 दिसम्बर को अपरान्ह 03 बजे से आपके गांव में सारे विभाग के अधिकारी रहेंगे और आप लोगो के शासकीय कार्य, योजनाओं से सम्बंधित सभी कार्य पूर्ण होंगे, रात भर में आपके लिए बैठा हूं एक-एक व्यक्ति की बात सुनी जाएगी, एक-एक व्यक्ति की समस्या पूरी ताकत से हल करेंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने जिला प्रशासन की ओर से दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि हम पहले यह समस्या नही देख पाए, हमें दुःख है की हमारे लोगों ने यहां की समस्याएं हल नहीं की, यह हमारी गलती है जिसको अब हम सुधारेंगे। उन्होने कहा आप सभी 31 दिसंबर के लिए अपनी-अपनी समस्याएं निकाल कर रखें, हम लोग पूरे समय यही बैठेंगे और बच्चों से लेकर बड़ों तक की हर छोटी से छोटी समस्या सुनेंगे।

उपभोक्ता फोरम ने बैंक की सेवा में कमी माना

दमोह। जिला उपभोक्ता प्रतितोषण फोरम दमोह के द्वारा दिनांक 29 दिंसम्बर 2025 को परिवादी उमा देवी रैकवार पत्नि स्व.गोकुल प्रसाद रैकवार निवासी रेल्वे मनोरजंन ग्रह के पीछे मांगज वार्ड नं. 5 दमोह ने अपने पति गोकुल प्रसाद रैकवार जो कि रेल्वे विभाग में कार्यरत थे उनकी मुत्यु 26 फरवरी 2024 को हो गई थी जिनकी पेंशन बैंक ऑफ इंडिया घगट चौराहा दमोह से मिलती निधन उपरांत परिवादी ने बैंक आफॅ इंडिया दमोह कों उनके सभी प्रपत्र देकर पेंशन देने की बात वही शाखा प्रबंधक ने विलम्ब किया जिसके विरूद्ध परिवादी शाखा प्रबंधक बैंक आफॅ इंडिया दमोह तथा उनकी वरिष्ठ शाखा के विरूद्ध फोरम में अपने अधिवक्ता पवन रैकवार के माध्यम से न्याय के लिए गई। जिला उपभोक्ता फोरम में दोनो पक्षो को श्रवण करने के पश्चात 29/12/2025 को अनावेदक बैंक आफॅ इंडिया दमोह की सेवा में कमी माना और आवेदक को कुल 10000 दस हजार रूपये की राशि एक माह में अदा करने का आदेश पारित किया गया।

नंदी की हत्या से आक्रोश

तेंदूखेड़ा। क्षेत्र के ग्राम मोहड़ में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा नंदी की हत्या किए जाने की गंभीर घटना सामने आई है। इस घटना की सूचना विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल को दोपहर करीब 3 बजे प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही संगठन पदाधिकारियों द्वारा तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी को तत्काल अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई। इसके बावजूद पुलिस की ओर से घटनास्थल पर पहुंचने में लगभग तीन घंटे की देरी की गई, जिससे ग्रामीणों एवं संगठन कार्यकर्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने पुलिस की इस असंवेदनशीलता को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं में त्वरित कार्रवाई न होना समाज की भावनाओं को आहत करता है। घटना के बाद ग्राम में तनाव का माहौल बना हुआ है। संगठन ने मांग की है कि दोषियों की शीघ्र पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करे। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने प्रशासन से अपील की है कि धार्मिक आस्थाओं से जुड़े मामलों को गंभीरता से लिया जाए और कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु त्वरित कदम उठाए जाएं। इस संबंध में नगर निरीक्षक राघवेंद्र बागरी ने कहा कि पुलिस बल की कमी है सोमवार को जैसे ही सूचना प्राप्त हुई तत्काल पुलिस भेजी गई है।

सांदीपनी स्कूल बिल्डिंग निर्माण साइट पर हादसा

ट्रक के ऊपर बैठा युवक हाई टेंशन लाइन की चपेट में आया, गंभीर हालत में जबलपुर रेफर

जबेरा। नगर में निर्माणाधीन संदीप नी स्कूल जबेरा में इस समयबिल्डिंग निर्माण का कार्य चल रहा है जहां पर निर्माण साइट से एक बड़ा हादसा सामने आया है। बताया जाता है कि निर्माण कार्य के दौरान टाइल्स लेकर के पहुंचे एक ट्रक के ऊपर बैठा 23 वर्षीय युवक राम पिता सूरज अचानक ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद निर्माण स्थल पर अफरा तफरी मच गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार ट्रक निर्माणाधीनभवन परिसर में टाइल्स उतारने के लिए पहुंचा था इसी दौरान ट्रक के ऊपर बैठा युवक हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया युवक को तेज करंट लगते ही युवक ट्रक पर ही गिर गया एवं पूरी तरह से झुलस गया मौके पर उपस्थित मजदूरो एवं स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए विद्युत विभाग को सूचना दी इसके बाद तत्काल ही बिजली की सप्लाई बंद कराई गई। बिजली सप्लाई बंद होते ही गंभीर रूप से घायल युवक को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा ले जाया गया जहां पर ड्यूटी पर ड्यूटी रत डॉक्टर सोहेब खान ने युवक का प्राथमिक उपचार किया परंतु युवक की हालत चिंताजनक होने के कारण उसे तुरंत ही मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया गया।

घर में घुसकर मारपीट करने और गुंडागर्दी के खिलाफ धरना आज

दमोह। गत रात्रि कांग्रेस के कतिपय पार्षद और 15 अन्य गुंडों के द्वारा वरिष्ठ नागरिक चंदू उपाध्याय के घर में घुसकर मारपीट करना एवं उनके घर की महिलाओं एवं बच्चों के साथ हथियारों की दम पर मारपीट कर खुलेआम गुंडागर्दी के विरोध में सर्व हिन्दू समाज जिला दमोह के द्वारा विशाल धरना का आयोजन किया जा रहा है। ठीक इसी तरह बंगलादेश में भी हिन्दू समाज पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। ऐसा लगता है कि दमोह की घटनाएं बंगलादेश की तर्ज़ पर हों रही है। जिससे संपूर्ण हिन्दू समाज में आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस पार्षद प्रतिनिधि और अन्य लोगों की गुंडागर्दी के खिलाफ विशाल धरना दिनांक 30/12/2025,दिन मंगलवार ,समय दोपहर 03 बजे स्थान अम्बेडकर चौक जिला दमोह मप्र में आयोजित किया गया है। जिसमें समस्त हिन्दू समाज एवं समस्त सामाजिक संगठनों से अपील है कि गुंडागर्दी के खिलाफ आयोजित विशाल धरना में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर गुंडागर्दी का विरोध दर्ज करायें।

ई-केवायसी नहीं करवाई तो आपके घर रुक सकती है गैस सिलेंडर सप्लाई

हजारों गैस उपभोक्ताओं की ई-केवायसी पेंडिंग, अंतिम तिथि 31, ओटीपी के बिना नहीं मिल रहा सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

घरेलू गैस वितरण व्यवस्था में ओटीपी-आधारित डिलेवरी प्रणाली ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है, क्योंकि कई उपभोक्ताओं ने अपना मोबाइल नंबर बदल लिया है या सिम बंद हो गई है। ऐसे में बिना ओटीपी सिलेंडर नहीं ले पा रहे हैं। खासतौर पर वे लोग जो ई-केवाईसी नहीं करा पाए हैं, उन्हें लगातार एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। दरअसल पेट्रोलियम मंत्रालय ने एलपीजी उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य कर दिया है। इसका उद्देश्य यह है कि उपभोक्ता की सही पहचान करने के साथ गैस वितरण प्रणाली को प्रभावी और पारदर्शी बनाया जा सके और गैस सिलेंडर पर दी जा रही सब्सिडी पात्र उपभोक्ता तक पहुंचे। मंत्रालय द्वारा ई-केवायसी की अंतिम तिथि आगामी 31 दिसंबर निर्धारित की हुई है। अकेले हटा नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो सिर्फ 50 प्रतिशत गैस उपभोक्ताओं ने अभी तक अपनी ई-केवायसी पूर्ण करवाई है। शेष उपभोक्ताओं की ई-केवायसी अभी तक नहीं हो पाई है। हटा एचपी एजेंसियों द्वारा ग्राहकों से लगातार अनुरोध व अपील की जा रही है कि वे डीलर व दफ्तर पहुंचकर या निर्धारित एप्लीकेशन पर अपने गैस कनेक्शन की ई-केवायसी करवा लें। बावजूद इसके गैस उपभोक्ता इसमें रुचि नहीं दिखा रहे हैं। अब चूंकि, ई-केवायसी कार्य करवाने की अंतिम तिथि में महज दो ही दिन शेष रह गए हैं अगर आपने यह काम नहीं निपटाया तो अपने घरों में एलपीजी गैस की सप्लाई रुक सकती है एवं गैस उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने से वंचित भी होना पड़ सकता है। बता दे कि हटा तहसील में 24 हजार उज्जवला गैस कनेक्शनधारी हैं और जिन लोगों ने ई-केवायसी नहीं कराई है, उन्हें मिलने वाली सभी प्रकार की सब्सिडी बंद हो सकती हैं। इतना ही नहीं उपभोक्ता का कनेक्शन ब्लॉक भी हो सकता है।

हटा में करीब 24 हजार उज्जवला के लाभार्थी

हटा तहसील में एचपी के कुल 38 हजार गैस उपभोक्ता है, जिनमें से 24 हजार उज्जवला योजना के लाभार्थी है। यह वही वर्ग है जो आर्थिक रूप से सबसे कमजोर माना जाता है, लेकिन अब इन्हीं पर नए नियमों का सबसे ज्यादा असर पड़ा है। केवाईसी अनिवार्य होने के बाद 8 हजार ऐसे उपभोक्ता सामने आ रहे है, जिनका मोबाइल नंबर बदल गया है। नतीजा न तो ओटीपी मिल पा रहा है और न ई-केवाईसी हो रही है। सिलेंडर के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब पेट्रोलियम कंपनियों ने सिलेंडर की डिलेवरी को पूरी तरह बुकिंग और ओटीपी से जोड़ दिया। पहले लोग एजेंसी या डिलेवरी बॉय से सीधे सिलेंडर ले लेते थे, लेकिन अब यह बिल्कुल संभव नहीं है।

एजेंसी संचालक भी परेशान

एजेंसी संचालक भी इस नई व्यवस्था से दबाव में है। 38 हजार उपभोक्ताओं की ई केवायसी कराना एक बड़ा काम है, जबकि अब तक केवल आधे उपभोक्ताओं का ही सत्यापन हो पाया है। एजेंसी ने कर्मचारियों को अलग से नियुक्त तक करना पड़ा, लेकिन फिर भी प्रक्रिया धीमी ही चल रही है। हर दिन उपभोक्ताओं की कतारें दस्तावेजों की कमी, नंबर बदलने की समस्या और ओटीपी न आने जैसी शिकायतें आम हो गई है। इधर सिलेंडर नहीं मिलने से उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ रहा है। एचपी गैस एजेंसी हटा के मैनेजर दिनेश पटेल ने बताया कि ई-केवायसी का कार्य चल रहा है। जिन उपभोक्ताओं की ई-केवायसी नहीं हुई है, वह हटा में एजेंसी आकर ई-केवायसी करावा सकते है इसके अलावा यह प्रक्रिया ऑनलाईन भी पूरी की जा सकती है। इसके लिए उपभोक्ताओं को गूगल प्ले स्टोर से 'एचपीपे' ऐप डाउनलोड करना होगा। ऐप डाउनलोड करने के उपरान्त स्क्रीन पर ई-केवायसी की लिंक नजर आएगी। इस लिंक पर आवश्यक जानकारियां भरकर ई-केवायसी कार्य पूर्ण किया जा सकता है। जिन्हें नंबर बदलना है, वह भी गैस एजेंसी पर पहुंचकर नंबर बदल सकते है।

ई-केवायसी नहीं होने पर सब्सिडी होगी बंद

बताया जा रहा है कि ई-केवाईसी नहीं होने पर सब्सिडी बंद हो जाएगी। यानि सरकार द्वारा दी जाने वाली राहत भी अब उन्हीं के लिए कठिन हो गई है जो पहले से आर्थिक बोझ से जूझ रहे हैं जिससे अब और परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की कमी अलग समस्या है। कुल मिलाकर, सिलेंडर डिलेवरी की नई व्यवस्था ने उपभोक्ताओं की समस्याएं कम करने के बजाय बढ़ा दी है। गैस उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले गैस सिलेंडर बुक कर देते थे और गैस मिल जाती थी, लेकिन अब ओटीपी बताये बिना गैस एजेंसी के कर्मचारी सिलेंडर नहीं दे रहे है। जिससे उन्हें परेशान होना पड़ रहा है।

उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर
प्रत्यर्थी को अपील की सूचना (नोटिस)
(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14)

Process Id: 272409/2025 **अपील क्रमांक MA/7605/2023**
By- RAD Respondent No. 1
By-Publication
Fixed for 09-01-2026
MITHLESH KUMAR अपीलार्थी
SATENDRA PARIHAR प्रत्यर्थी

सन् 2021 के MACC क्रमांक 55 सन् 2021 में न्यायालय Member, 3rd MACT SHUSHRI MAHIMA KUSHWAHA, Damoh (Madhya Pradesh) की डिक्री/आदेश, दिनांक 13-09-2023 के विरूद्ध अपील।

प्रति, **Satendra Parihar S/o Karan Singh,** R/o Kambar Gaddha Dhar
Presently R/o Narsinghar, Police Station DamohDehat,
District- Damoh, Madhya Pradesh

प्रत्यर्थी,

अपील की सुनवाई का दिनांक-कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 09-01-2026 नियत की गई है। आपत्तियां, प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए।

कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक- कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 09-01-2026 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक मे शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है।

सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये :-

कागज का विवरण (दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या) (1)	पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है (यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें) (2)	कागजात की पुस्तक का पृष्ठ (कार्यालय में भरा जाय) (3)

यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 09-01-2026 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। आज दिनांक 15-12-2025 को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।

प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा